महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः रू.वि / कु0स0का0 / एआईएसएचई / एफ–19 / 2024 / 383 दिनांकः–05.04.2024

अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः– **अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

महादेय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,उ0प्र0 के पत्रांक 68/SNO-UP/AISHE/8/19 दिनांक 06.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जोकि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल www.aishe.gov.in पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा दिनांक 15.02.2024 तक अनिवार्य रूप से अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्रांक रू.वि / कु0स0का0 / एआईएसएचई / एफ–19 / 2024 / 284–91 दिनांक 18.01.2024, पत्रांक रू.वि / कु0स0का0 / एआईएसएचई / एफ–19 / 2024 / 330 दिनांक 01.03.2024 एवं पत्रांक रू. वि / कु0स0का0 / एआईएसएचई / एफ–19 / 2024 / 344 दिनांक 05.03.2024 के माध्यम से अनिवार्य रूप से उक्त पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड करने के निर्देश दिये गये थे। किन्तु आपके द्वारा अभी तक उक्त डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 04.04.2024 को प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ली गयी समीक्षा बैठक में पोर्टल पर डाटा अपलोड न किये जाने पर खेद व्यक्त किया गया है साथ ही पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का शत–प्रतिशत डाटा अपलोड करने के निर्देश दिये गये है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि 03 कार्य दिवस के अन्दर उक्त डाटा पोर्टल www.aishe.gov.in पर अपलोड कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में आपके महाविद्यालय के प्रवेश / परीक्षा / प्रोन्ति / चयन आदि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी जायेगी तथा शासन स्तर पर आपके महाविद्यालय की मान्यता समाप्त करने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा। सुविधा हेतु डाटा अपलोडेशन से सम्बन्धित सभी वीडियो www.aishe.gov.in पर उपलब्ध है।

भवदीय,

05/4/24

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. स्टेट नोडल अधिकारी ए0आई0एस0एच0ई0 उ0प्र0 लखनऊ।
3. निर्देशक उच्च शिक्षा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद मण्डल बरेली।
5. निजी सचिव कुलपति।
6. श्री अतुल शर्मा, नोडल अधिकारी ए0आई0एस0एच0ई0, विश्वविद्यालय बरेली को निर्देश दिये जाते है कि पोर्टल पर उक्त डाटा अपलोड न करने वाले महाविद्यालयों की सूची सम्बद्धता विभाग में पटल सहायकों को उपलब्ध कराएं।
7. समस्त पटल सहायक, सम्बद्धता को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने वाले महाविद्यालयों से समन्वय एवं सम्पर्क स्थापित कर 03 कार्य दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत डाटा अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी वेबसाइट को उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव